प्रादेशिक समाचार
30.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य सरकार ने सरायकेला में बांग्लादेशी घुसपैठ की शिकायत पर पुलिस महानिदेशक को जांच का निर्देश दिया है। इधर, बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में कल झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। अदालत ने पिछली सुनवाई में केंद्रीय गृह सचिव और राज्य के मुख्य सचिव को कमेटी बनाने को कहा था जो संथाल में भौतिक सर्वे कर सच्चाई की जांच करे, लेकिन अबतक कमेटी का गठन नहीं किया जा सका है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज रांची से देशभर के ग्यारह हजार सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का वर्चुअल उद्घाटन किया। रांची में राष्ट्रव्यापी राष्ट्रीय पोषण माह के सातवें संस्करण के समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पोषण माह का उद्देश्य एनीमिया जागरूकता, पोषण भी पढाई भी, प्रौद्योगिकी आधारित पहल और अतिरिक्त पर ध्यान केंद्रित करना है।

****

केंद्रीय मंत्री ने घोषणा की कि आंगनवाड़ी केंद्र के सभी कार्यकर्ताओं को अब आयुष्मान भारत योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सशक्त महिलाओं और लड़कियों से ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर फिर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। पार्टी की परिवर्तन यात्रा के लिए रांची के बुंडू पहुंचे श्री सेठ ने राज्य सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताया।

****

उधर, देवघर में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भी राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर हमला बोला। बाबा बैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि इस बार झारखंड में सत्ता परिवर्तन तय है।

****

राज्य सरकार आज अपने कर्मचारियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने के लिए टाटा एआइजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू करेगी। इस योजना के तहत कर्मचारियों के प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार करेगी, जबकि सेवानिवृत्त कर्मियों को भुगतान खुद करना होगा।

****

अपनी मांगों के समर्थन में आज मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने रांची के कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास रोक दिया। मुख्यमंत्री आवास के पास बड़ी संख्या में पुलिसबल को तैनात कर दिया गया है।

****

लातेहार जिला प्रशासन ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने का निर्णय लिया है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में दो अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक बादल छाये रहने और हल्की बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने जानकारी दी है कि 15 अक्टूबर के बाद राज्य से मॉनसून की विदाई होगी। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस बार झारखंड में मॉनसून सामान्य रहा। पूरे राज्य में सिर्फ एक प्रतिशत कम बारिश हुई है जबकि कुछ जिले ऐसे भी हैं जहां सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है।

**********समाप्त*************